श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय

बादशाहीथौल (टिहरी गढ़वाल) उत्तराखण्ड़-२४६१९९

Sri Dev Suman Uttarakhand University

Badshahithaul (Tehri Garhwal) Uttarakhand - 249199

Affiliation:- sdsuvamsuk@gmail.com

Website-http://www.sdsuv.ac.in

दिनांक :-04/03/2025

पत्रांकः– 4798 / SDSUV/Affi./2024-25

कार्यालय आदेश

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय महाविद्यालय/निजी स्ववित्तपोषति संस्थान/अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों/निदेशकों को सूचित किया जाता है, कि राजभवन सचिवालय के पत्र संख्या– 19457/जी0एस0 (शिक्षा)/A4–135/2023, दिनांक– 25 फरवरी, 2025 द्वारा विश्वविद्यालय के अधीन संचालित महाविद्यालयों/संस्थानों के सत्र 2019–20 से 2024–25 तक के लम्बित प्रस्ताव दिनांक– 31 मार्च, 2025 तक अनिवार्य रूप से राजभवन सचिवालय को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों/संस्थानों के सत्र 2024–25 तक की अस्थायी सम्बद्धता विस्तारण हेतु निरीक्षण मण्डल गठित कर दिया गया है तथा इसकी सूचना सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थानों को प्रेषित की जा चुकी है। अतः विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों को निर्देशित किया जाता है, कि शीघ्रातिशीघ्र निरीक्षण करवाकर पत्रावली विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि समय पर निरीक्षण आख्या पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके। यदि 15 मार्च 2025 तक महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा निरीक्षण करवाकर पत्रावली विश्वविद्यालय में प्रस्तुत नहीं की जाती है तो सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थानों की सम्बद्धता से सम्बन्धी कार्यवाही पूर्ण न होने के कारण नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही कर दी जायेगी तथा सम्बन्धित महाविद्यालयों/संस्थानों के सत्र 2025–26 में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिये जायेंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान की होगी।

(दिनेश चन्द्रा),
कुलसचिव।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव, मा0 कुलाधिपति/राज्यपाल, राजभवन सचिवालय, उत्तराखण्ड, देहरादून के सादर सूचनार्थ।
2. सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून के सादर सूचनार्थ।
3. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
4. प्राचार्य/निदेशक, समस्त सम्बद्ध राजकीय महाविद्यालय/निजी स्ववित्त पोषित संस्थान/अशासकीय महाविद्यालय।
5. विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाईट पर अपलोड हेतु।
6. कार्यालय प्रति।

(दिनेश चन्द्रा),
कुलसचिव।